अमर उजाला 10/04/2025

# रोजगार मेले में कई छात्रों का मौके पर ही हुआ चयन

**अंबाला।** गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज में रोजगार मेला लगाया गया। यह मेला स्वावलंबी भारत अभियान के सहयोग से आयोजित किया गया। जिसका निर्देशन कॉलेज प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त के मार्गदर्शन में किया गया।

इस दौरान 300 छात्रों ने पंजीकरण करवाया और विभिन्न कंपनियों की ओर से आयोजित साक्षात्कार प्रक्रिया में भाग लिया। मेले में 12 कंपनी ने भाग लिया। इन कंपनियों ने छात्रों से साक्षात्कार लिए और उनमें से कई को मौके पर ही चयनित कर लिया गया। कॉलेज प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने कहा कि हर छात्र को रोजगार पाने का अधिकार है।

डिग्री तभी सार्थक होती है, जब वह छात्र को उसके सपनों की नौकरी तक पहुंचाए। कंप्यूटर एप्लीकेशन विभाग की डीन प्रबलीन कौर और अन्य ने सभी विद्यार्थियों को का उत्साहवर्धन किया। साक्षात्कार में ध्यान देने योग्य बातों से अवगत कराया। इस रोजगार मेले के सुचारू संचालन में सीआरसी यूनिट के सभी सदस्यों ने पूर्ण सहयोग दिया। संवाद